Dayanand Vedic College
Orai (Jalaun) U.P. (India)
(Affiliated to Bundelkhand University, Jhansi)
Phone No. :-05162-252214 E-Mail.:-dvcoffice11@gmail.com Website :– dvcorai.ac.in

# ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर समिति

## नियमावली

ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर समिति की बैठक दिनांक 09-01-2023 में अध्यक्ष की अनुमति से समिति की नियमावली के निर्धारण हेतु सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय तथा कॉलेज के समस्त अंतरंग समितियों की नियमावली के निर्धारण एवं क्रियान्वयन हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 10-01-2023 से प्राप्त निर्देशों के क्रम में ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर समिति के सदस्यों द्वारा तैयार एवं संस्तुत नियमावली अधोलिखित है-

1. प्राचार्य ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे तथा अध्यक्ष के निर्देशन में समिति की समस्त गतिविधियाँ/कार्यवाहियाँ संचालित की जायेंगी।
2. समिति, संयोजक, उपसंयोजक तथा सदस्यों से मिलकर बनी होगी। समिति के कुल सदस्यों की न्यूनतम संख्या 05 होगी।
3. समिति की बैठकों में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.) के संयोजक/नामित सदस्य की सहभागिता होगी।
4. समिति द्वारा प्रत्येक सत्र में न्यूनतम 02 बैठकें आयोजित की जायेगी।
5. समिति, कॉलेज में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई॰सी॰टी॰) के विकास, संचालन एवं उन्नयन हेतु समस्त कार्य (वेबसाइट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स आदि) करेगी।
6. समिति, कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई॰सी॰टी॰) के प्रति जागरूकता में वृद्धि के लिए समय- समय पर विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर सकती है।

7. कॉलेज में ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर से सम्बंधित सभी कार्य समिति की अनुशंसा/निर्देशन पर ही किए जाएँगे।
8. समिति द्वारा किए गए कार्यों को प्राचार्य कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए समिति के सदस्यों की संस्तुति अनिवार्य होगी।
9. यदि कोई भी कॉलेज की वेबसाइट को क्षति पहुँचाता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा समिति द्वारा की जायेगी।
10. कॉलेज में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई॰सी॰टी॰) से सम्बंधित सर्वाधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेंगे।
11. समिति की विभिन्न गतिविधियों के सकुशल संचालन हेतु आवश्यक संसाधन कॉलेज द्वारा प्रदान किये जायेंगे।
12. किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में अन्तिम सभी निर्णय प्राचार्य का होगा।
13. ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर समिति की संस्तुति एवं प्राचार्य की अनुमति से भविष्य में उक्त नियमावली में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है।

**डॉ. (श्रवण कुमार त्रिपाठी)**
**संयोजक**
**ऑटोमेशन एवं सॉफ्टवेयर समिति**

**प्रो. (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय**
**प्राचार्य**
**दयानन्द वैदिक कॉलेज, उरई (जालौन), उत्तर प्रदेश**